www.carerhelp.com.au

Hindi | हिन्दी

मृत्यु हो जाने के बाद

नीचे इस बारे में मार्गदर्शन दिया गया है कि जिस व्यक्ति की आप देखभाल कर रहे/रही हैं, उसकी मृत्यु हो जाने के तुरंत बाद क्या करना होगा।

- डॉक्टर या नर्स को बताएँ - यदि आप घर पर हैं, तो आपको डॉक्टर (व्यक्ति की देखभाल में शामिल रहने वाले प्रमुख डॉक्टर या आपके पारिवारिक डॉक्टर) को या पैलिएटिव केयर को कॉल करने की आवश्यकता होगी, ताकि उन्हें पता चल सके कि उस व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए डॉक्टर को मृत्यु का सत्यापन करने की आवश्यकता होती है। यदि डॉक्टर अनुपलब्ध है, तो कभी-कभी एम्बुलेंस या बुश नर्सिंग सेवा को भी बुलाया जाएगा। यदि आप अस्पताल या वृद्ध देखभाल सुविधा में हैं, तो किसी स्टाफ के सदस्य को बताएँ कि आपको लगता है कि उस व्यक्ति की मृत्यु हो गई है और वे मृत्यु के सत्यापन के लिए कार्य करेंगे।
- उस व्यक्ति की मृत्यु होने के तुरंत बाद कुछ क्रियाक्रर्म किए जा सकते हैं (सूर्यास्त से पहले)।
- व्यक्ति के शरीर को नहलाना और कपड़े पहनाना – आप चाहें, तो स्वयं शरीर को नहला सकते/सकती हैं, या आप स्टाफ के सदस्य या नर्स को (पैलिएटिव केयर या नर्सिंग सेवा से) बुलाकर अपनी सहायता के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।
- परिवार, मित्रों या धार्मिक अग्रणियों को सूचित करें - आप कुछ लोगों को यह बताने के इच्छुक हो सकते/सकती हैं कि व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। आप स्वयं के बजाय परिवार के किसी सदस्य से भी यह कार्य करने के लिए पूछ सकते/सकती हैं।
- अंतिम संस्कार कंपनी को कॉल करें * - अंतिम संस्कार कंपनी व्यक्ति के शरीर को लेने के लिए आएगी और अंतिम संस्कार होने तक शरीर का ध्यान रखेगी। आप इस बात का चयन कर सकते/सकती हैं कि वे कब आएँ। अंतिम संस्कार कंपनी मृत्यु को पंजीकृत करने और मृत्यु प्रमाण-पत्र की व्यवस्था करने में भी मदद करेगी।
- अंतिम संस्कार - शरीर का शवदाह या दफन कराना आवश्यक है, किंतु अंतिम संस्कार सेवा वैकल्पिक होती है। विकल्पों के बारे में चर्चा करें और इस बात का ध्यान रखें कि लागतों में भारी अंतर होता है।

ST VINCENT'S HOSPITAL MELBOURNE | Flinders University | Carers Australia

CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care

- मृत्यु प्रमाण-पत्र - जब आपको मृत्यु प्रमाण-पत्र मिल जाए, तो आपको बैंकों, सेवानिवृत्ति, सेवाओं और उपयोगिता कंपनियों, आदि समेत सभी प्रासंगिक सेवाओं को इसकी प्रतियाँ भेजनी होंगी।
- उस व्यक्ति की संपत्ति को अंतिम स्वरूप देने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उस व्यक्ति की अंतिम इच्छा और वसीयतनामे में शामिल वकील से संपर्क करें।

* आपको अंतिम संस्कार कंपनी को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है, किंतु यदि आप शामिल नहीं करने का चयन करते/करती हैं, तो आपको मृत्यु को पंजीकृत करने और शरीर को रखने और उसका निपटान करने से संबंधित अपने राज्य की कानूनी आवश्यकताओं का पालन करना होगा।

CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care